# 6102 - क्या वह अपने लेपालक भाई से संबंध काट लेगी

## प्रश्न

मेरी सहेली का एक गोद लिया हुआ भाई है जिसने उसकी माँ से दूध नहीं पिया है। जब वह तीन साल का था तो उसकी माँ ने एक गोद लेनेवाली एजेंसी से उसे गोद ले लिया था। उनके बीच कोई रिश्तेदारी नहीं है। यह मुसलमान है और वह भी मुसलमान था लेकिन वह इस्लाम से मुतर्द्द हो गया। वह सदैव उसकी गीबत करता रहता है और उसके बारे में लोगों से झूटी बातें कहता रहता है। क्या वह उससे अपने संबंध काट सकती है क्योंकि वह उसका गोद लिया हुआ भाई है और उनके बीच कोई रिश्तेदारी का संबंध नहीं है ?
क्या वह उसे उसके मुर्तद्द हो जाने (यानी इस्लाम धर्म त्याग कर देने) के बाद भी सलाम करेगी ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

इस बच्चे का इस परिवार के साथ कोई संबंध नहीं है, न तो वंश का संबंध है और न ही स्तनपान (दूध पिलाने) का संबंध है। इस आधार पर, यादि वह मुकल्लफ (शरीअत के कर्तव्यों के पालन का योग्य) है तो उसके लिए इनके साथ मिश्रण और महारिम की तरफ देखना जायज़ नहीं है, और यह उस स्थिति में है जब वह इस्लाम पर स्थिर रहता, इस बात को छोड़िए कि वह इस्लाम से मुर्तद्द हो चुका है।

अत: उसके लिए उस लड़के से हाथ मिलाना, उसके साथ अकेले रहना, उसके सामने बेपर्दा रहना जायज़ नहीं है क्योंकि वह महरम नहीं है। (प्रश्न संख्या 5538 देखें)।

तथा वह न उससे सलाम करेगी और न ही उसके सलाम का जवाब देगी जब कि वह मुर्तद्द है। हम अल्लाह तआला से प्रश्न करते हैं कि वह सभी को सुरक्षित रखे।